टीवीएस की 110 सीसी बाइक रेडियॉन पेश

चेन्नई। टीवीएस मोटर कंपनी ने अपनी 110 सीसी मोटरसाइकिल रेडियॉन को लांच किया। कंपनी ने कहा कि इसमें कार की तरह स्पीडोमीटर होने के साथ साथ इस श्रेणी में सबसे लंबी सीट है।

इसमें क्रोम साइलेंसर, पेट्रोल टैंक पर थाई पैड, एक ही समय पर लगने वाले ब्रेक (सींक्रोनाइज्ड ब्रेकिंग) और हाई ग्राउंड क्लियरेंस जैसे कई अन्य फीचर्स मौजूद हैं। इसकी एक्स शोरूम दिल्ली कीमत 48,400 रुपये है। कंपनी के प्रेसीडेंट व सीईओ केएन राधाकृष्णन ने कहा कि कंपनी रेडियॉन के साथ समझदार प्रगतिशील ग्राहकों को आकर्षित करना चाहती है। एजेंसी